बरेली, सोमवार
6 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 12+4=16

दैनिक जागरण

PAGE NO, III, MIDDLE

विश्वेंद्र के शतक और देवांश की फिरकी से जीती एसआरएमएस एकेडमी

- टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में शतकों से बरसे रन
- एकेडमी ने विपक्षी टीम को 15.2 ओवर में 94 रन पर समेटा

जागरण संवाददाता, बरेली: श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट (सीजन-6) के चौथे और पांचवें मुकाबले में बल्लेबाजों का दबदबा रहा। एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इन मैचों में रनों की जमकर बरसात हुई और दो शानदार शतक देखने को मिले।

चौथा मैच बजाज टैक्सटाइल अमरोहा और 22 यार्ड्स पीलीभीत के बीच दूधिया रोशनी में खेला गया। पीलीभीत ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी, लेकिन अमरोहा के ओपनर शोएब सिद्दीकी ने मैदान के चारों ओर चौकों-छक्कों की झड़ी लगा दी। शोएब ने मात्र 62 गेंदों पर 15 चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 113 रन बनाए। कप्तान नयन गुप्ता की 48 रनों की तूफानी पारी की बदौलत अमरोहा ने टूर्नामेंट का रिकार्ड 254 स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीलीभीत की टीम ने अभी 4.1 ओवर में 19 रन ही बनाए थे कि तेज आंधी और वर्षा ने खलल डाल दिया। मैच दोबारा शुरू न होने के कारण अंपायरों ने इसे ड्रा घोषित कर दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिया।

रोमांचक रहा पांचवा मुकाबला: रविवार को हुए पांचवें मुकाबले में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी का सामना 22 यार्ड्स पीलीभीत से हुआ। एसआरएमएस के विश्वेंद्र चौधरी ने ऐतिहासिक पारी खेलते हुए 67 गेंदों पर नाबाद 123 रन (16 चौके, 5 छक्के) बनाए, जिससे टीम ने 20 ओवर में 201 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में पीलीभीत की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। एसआरएमएस के गेंदबाज देवांश मूर्ति ने धारदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके और विपक्षी टीम को मात्र 15.2 ओवर में 94 रन पर समेट दिया। एसआरएमएस एकेडमी ने यह मैच 107 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया। शानदार प्रदर्शन के लिए विश्वेंद्र चौधरी को 'मैन आफ द मैच' चुना गया। सोमवार को दोपहर दो बजे से मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन बनाम एसआरएमएस किंग्स बरेली और शाम 6:30 बजे से आईके नेक्स्ट जनरेशन बरेली बनाम जोक्स इलाहाबाद का मुकाबला होगा। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

एसआरएमएस के स्टेडियम में क्रिकेट खेलते हुए खिलाड़ी ● सौ. आयोजक